वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

NAAC A+Grade

Wbe: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक: 5936 / शैक्षणिक / 2024 दिनांक: 26/10/24

कार्यालय आदेश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जारी शासनादेश संख्या–2090 / सत्तर–3–2024–09(01) / 2023 (L-4), दिनांक 02 सितम्बर 2024 द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुरूप प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने हेतु निर्देश जारी किया गया। उक्त फार्म खुलने के उपरान्त बहुत से महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया कि विद्यार्थियों द्वारा मेजर विषयों के चुनाव में मुख्य रूप से भाषा संकाय, कला संकाय, मानवीकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, ललित कला एवं प्रदर्शन कला संकाय के विषयों के चुनाव में समस्या उत्पन्न हुई है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु मा0 विद्यापरिषद की बैठक दिनांक 26.10.2024 की कार्यसूची 01 पर लिये गये निर्णय के अनुपालन में दो मेजर विषय चयन करने हेतु उपलब्धता के आधार पर विश्वविद्यालय के पत्र संख्या– 6183 / शैक्षणिक / 2024 दिनांक 01.10.2024 द्वारा निर्गत नियम निर्देश में आंशिक संशोधनोंपरान्त मेजर / माइनर विषय चयन के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिया गया–

1 एन.ई.पी.2020 के अन्तर्गत चलाये जा रहे स्नातक पाठ्क्रमों में विद्यार्थी को सत्र 2024–25 में प्रवेश के समय दो मेजर विषय का चयन किसी एक संकाय से करना होगा और यही उसका अपना (Own Faculty) संकाय होगा। इन्हीं दो मेजर विषयों के साथ विद्यार्थी इस संकाय में अगले (छः सेमेस्टर) तक अध्ययन करेगा।

(1.1) मेजर विषयों के चयन के सम्बन्ध में भाषा संकाय के किसी एक मेजर विषय के चयन के साथ कला संकाय, मानवीकी एवं सामाजिक विज्ञान एवं ललित कला एवं प्रदर्शन कला संकाय के किसी भी विषय को विद्यार्थी द्वितीय मेजर के रूप में चुनाव कर सकता है।

(1.2) ललित कला एवं प्रदर्शन कला संकाय में आवंटित विषयों से एक मेजर के चुनाव के साथ विद्यार्थी दूसरे मेजर विषय का चुनाव कला मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में आवंटित विषयों मे से या भाषा संकाय विषयों मे से दूसरे मेजर विषय का चुनाव भी कर सकता है।

2 दो मेजर विषय के साथ विद्यार्थी को तीसरे विषय का भी चुनाव करना होगा जो उसका माइनर विषय होगा। बहुविषयकता के दृष्टिगत विद्यार्थी माइनर विषय का चयन विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में उपलब्धता के आधार पर अन्य संकाय से करना होगा। विद्यार्थी चाहे तो माइनर विषय का चयन किसी अन्य संकाय अथवा अपने संकाय से भी कर सकता है।

3 मेजर पेपर के समान माइनर पेपर भी छः क्रेडिट का ही होगा। वह विषय प्रायोगात्मक एवं सैद्धान्तिक दोनों हो सकते हैं। प्रयोगात्मक विषय को माइनर विषय के रूप में चयन करने पर छात्र को उस विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा भी देनी होगी।

4 मेजर विषय के रूप में विद्यार्थी दो प्रायोगिक विषय का भी चयन कर सकता है।

कृपया उपरोक्त नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाय।

भवदीय

कुलसचिव 26/10/24

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष / निदेशक / प्राचार्य / प्रबंधक / विभागाध्यक्ष को उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु।
2. परीक्षा नियन्त्रक वीर बाहदुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. वित्त अधिकारी वीर बाहदुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. समस्त प्रशासनिक अधिकारी।
6. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वि0वि0 के साईड पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव